# मकर संक्रांति पर हुआ शिलान्यास, दशहरे में होगा लोकार्पणः गणेश जोशी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को गढ़ी कैंट स्थित शहीद दुर्गा मल्ल पार्क में मसूरी विधानसभा क्षेत्र में 12 करोड़ से अधिक की लागत से होने वाले विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया।
मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जनता की सरकार जनता के द्वार नारे के ध्येय साथ कार्य कर रही है। धामी सरकार जिस कार्य का शिलान्यास करती है, उसका लोकार्पण भी करती है। उन्होंने कहा कि आज मकर संक्रांति के



शुभ अवसर पर छावनी परिषद के द्वाकरा के सामुदायिक भवन का शिलान्यास हुआ है और दशहरे में लोकार्पण किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि निश्चित ही कैंट क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा मसूरी विधानसभा के अंतर्गत अभी तक उनके द्वारा 55 सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा चुका है। आज हमारी बहुत बड़ी प्रतीक्षा पूरी हो रही है। 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। उन्होंने कहा राम मंदिर करोड़ हिन्दुओं की आस्था से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी से अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लाइव प्रसारण को देखने की अपील भी की।
इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष ज्योति कोटिया, प्रदीप रावत, कैंट सीईओ अभिनव सिंह, ईई एमडीडीए सुनील कुमार, महानगर महामंत्री सुरेन्द्र राणा, संयोजक विष्णु प्रसाद गुप्ता, निरंजन डोभाल, पूनम नौटियाल, आरएस परिहार, कर्नल आरएस भंडारी, टीडी भूटिया, महामंत्री प्रभा साह, देवेंद्र रावत, अंकित जोशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष गुफी डंगवाल, मनोज छेत्री, मेघा भट्ट, वंदना बिष्ट, मधु खत्री, नंदनी शर्मा, सारिका खत्री आदि उपस्थित रहे।
स्वीकृत विकास कार्यों की सूची -
1. गढ़ी कैंट में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य लागत 1000.23 लाख ।
2. ?नागल हटनाला के राधेकृष्ण एन्कलेव में सड़क निर्माण कार्य लागत 8.72 लाख।
3. ?वार्ड 06 दून विहार के दून एन्कलेव में केसी नाली का निर्माण कार्य, लागत 5.55 लाख ।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु गोविन्द सिंह का प्रकाश पर्व

**माथा टेका**

8 इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे माथा टेका।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व और माघ महीने की संक्रांति के उपलक्ष्य में निर्मल संतपुरा आश्रम स्थित गुरुद्वारे में महान कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया।
इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे माथा टेका।
कार्यक्रम का शुभारंभ सुखमनी साहिब के पाठ से हुआ जिसके उपरांत भाई बलजीत सिंह लुधियाना वाले ने कीर्तन से सभी को निहाल किया। संत बलजिंदर सिंह ने कथा सुनाकर गुरु गोबिंद सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला।निर्मल संतपुरा आश्रम के परमाध्यक्ष संत जगजीत सिंह शास्त्री ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने देश और धर्म के लिए अपना पूरा परिवार बलिदान किया। उनके बलिदान को भुलाया नही जा सकता। सिक्ख धर्म में उनका बहुत ऊंचा स्थान है। गुरु गोबिंद सिंह का पूरा जीवन असहायों की मदद, रक्षा में बीता। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही अपना जीवन सफल बना सकते हो। उन्होंने कहा कि सदैव प्रभु का सिमरन करते रहना चाहिए। सभी आपस में भाईचारे और सौहाद्र से रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं को नशा ना करने की दी गई प्रेरणा

**देहरादून। दिव्य ज्यो**ति जाग्रती संस्थान की युवा शाखा युवा परिवार सेवा समिति द्वारा रविवार को नशा उन्मूलन के ऊपर अपने बोध प्रकल्प के अंतर्गत सहयोग नामक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं को नशा ना करने की प्रेरणा दी गई। तत्पश्चात युवा परिवार के स्वयंसेवी वीरेंद्र चमोली द्वारा युवाओं को प्रेरणादायक संबोधन दिया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल जी मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी महानगर उपाध्यक्ष संतोष सेमवाल उपस्थित रहे। सिद्धार्थ अग्रवाल जी ने बताया कि कैसे नशा जहर के रूप में समाज को बर्बाद कर रहा है। इसके बाद युवा परिवार द्वारा एक जागरूकता रैली गांधी पार्क से घंटाघर होते हुए क्रॉस रोड मॉल, सर्वे चौक तक निकाली गई। कार्यक्रम का समापन पुनः गांधी पार्क में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य प्रबंधन में सौरभ गौनियाल, रोहन चंद, मनीष चावरिया और नितिन कुमार उपस्थित रहें।

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 2023 में अभी तक की सर्वोच्च वार्षिक बिक्री का जश्न मनाया

**देहरादून।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अभी तीन ब्रांड्स - बीएमडब्ल्यू, मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटोराड के लिए अभी तक की सर्वश्रेष्ठ वार्षिक बिक्री (जनवरी-दिसम्बर) दर्ज करके 2023 में अपनी धमाकेदार सफलता जारी रखी है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 14172 कारों और 8768 मोटरसाइकिलों की डिलिवरी की। बीएमडब्ल्यू की 13303 यूनिट्स और मिनी की 869 यूनिट्स बिकी।
विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के लिए 2023 एक रिकॉर्ड-ब्रेकिंग माइलस्टोन साल रहा है। सभी तीन ब्रांड्स-बीएमडब्ल्यू, मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटोराड ने अभी तक की अपनी सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की। हमारे पास सबसे इच्छित ब्रांड्स और लग्जुरियस उत्पाद हैं। हमने शानदार अनुभवों और सेवाओं का निर्माण किया है जो ड्राइविंग का असीमित आनन्द देने के लिए मन की पूरी शांति और आजादी सुनिश्चित करती हैं। जैसे कि हम खेल बदल रहे हैं, हमारी नजर बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने और नए मानदंड स्थापित करने के लक्ष्य पर टिकी है।

### आइडिया, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट के जरिए वाइब्रेंट गुजरात समिट ने गुजरात के साथ-साथ पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है : अमित शाह

**देहरादून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात समिट के समापन सत्र समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर शाह ने स्पष्ट किया कि आइडिया, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट के जरिए वाइब्रेंट गुजरात समिट ने गुजरात के साथ-साथ पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। दो दशक पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वाइब्रेंट गुजरात की परिकल्पना रखी थी और नतीजा आज देश के सामने है। ढेर सारी चीजों में गुणात्मक परिवर्तन आया है। आज का यह समापन सत्र अमृतकाल में संकल्प से सिद्धि के मार्ग को प्रशस्त करने वाला साबित हुआ। आत्मनिर्भर और पूर्ण विकसित भारत के निर्माण में वाइब्रेंट गुजरात समिट की भूमिका अहम साबित होने वाली है। दशकों तक मोदी-शाह की जोड़ी ने गुजरात में रहकर गुजरात मॉडल को विकसित करने का काम किया। गुजरात मॉडल को देखते हुए देश की जनता ने पीएम मोदी जी को पूरे देश का नेतृत्व सौंप दिया। वर्तमान में पीएम मोदी प्रधानमंत्री तो अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री के पद भार को बखूबी संभाल रहे हैं। आज पूरी दुनिया में उत्पादन और इंवेस्टमेंट के लिए सबसे चहेता डेस्टिनेशन भारत और भारत के अंदर सबसे चहेता डेस्टिनेशन गुजरात है। जब मोदी ने प्रधानमंत्री पद का भार संभाला तब दुनिया की तालिका में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी और आज मात्र एक दशक के अंदर भारत पाँचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। आने वाले समय में यह दावा सही साबित होने वाला है कि भारत जल्द ही तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया के सामने गौरव के साथ खड़ा होगा। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में वाइब्रेंट गुजरात समिट ने आइडिया और इनोवेशन को प्लेटफॉर्म देकर इंवेस्टमेंट को धरती पर उतारने का काम किया है, जिससे ना केवल गुजरात बल्कि पूरे देश के अर्थतंत्र को फायदा हुआ है।

## बड़े भाई से मिलकर लौट रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**खटीमा (ऊधम सिंह नगर)/टीम एक्शन इंडिया**
घटना शनिवार देर रात की है। रविवार सुबह सड़क पर टहल रहे लोगों ने उनका शव पड़ा देखकर पुलिस को सूचित किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया है।
उत्तराखंड में खटीमा के छिनकी गांव में अपने बड़े भाई से मिलकर वापस सितारगंज लौट रहे एक बाइक सवार व्यक्ति की रास्ते में दुर्घटना में मौत हो गई।
बताया जा रहा है कि अंधेरे में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसी। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

# ऋषिकेश प्रेस क्लब के अध्यक्ष दुर्गा नौटियाल , विनय पांडे बने महासचिव

**प्रेस क्लब**

8 - राजीव खत्री बने ऋषिकेश प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष,वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश प्रेस क्लब के चुनाव में सर्व समिति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें दुर्गा नौटियाल को अध्यक्ष तथा विनय पांडे को महासचिव चुना गया।
रविवार को ऋषिकेश प्रेस क्लब सभागार में २ के द्विवार्षिक चुनाव आयोजित किए गए। निर्वाचन समिति के सदस्य अनिल शर्मा, विक्रम सिंह, हरीश तिवारी, जितेंद्र चमोली व मनोहर काला की देखरेख में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर दुर्गा नौटियाल को चयनित किया गया।
राजीव खत्री को कार्यकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा विनय पांडे को महासचिव चुना गया। कार्यकारिणी के शेष पदों पर शीघ्र चयन किया जाएगा। नव मनोनीत अध्यक्ष दुर्गा नौटियाल ने कहा कि ऋषिकेश प्रेस क्लब हमेशा पत्रकारों के हित के लिए कार्य करता रहेगा।
इस अवसर पर क्लब की संवैधानिक चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने तथा अनुशासनहीनता करने पर तदर्थ सदस्य विनीता खुराना, नीरज गोयल को तदर्थ सदस्यता तथा रजनीश कोहली को क्लब की सदस्यता से निष्कासित किया गया।
निवर्तमान अध्यक्ष अमित सूरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सूरजमणि सिलस्वल, मनीष अग्रवाल, राव रशीद, आलोक पंवार, राजेंद्र सिंह भंडारी, अमित कंडियाल, राव शहजाद, रणवीर सिंह, मनोज रौतेला, पंकज कौशल, जयकुमार तिवारी, शिवम सक्सेना, सागर रस्तोगी आदि उपस्थित थे।

# जोत सिंह सहित कइयों ने आप से दिया इस्तीफा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। रविवार को जोत सिंह विष्ट सहित पार्टी के कई नेताओं ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देते हुए शीर्ष नेतृत्व पर हमला बोला है। आप के प्रदेश समन्वयक जोत सिंह बिष्ट,प्रदेश उपाध्यक्ष आरपी रतूड़ी, राजेश विष्ट, हेमंत सिंह विष्ट, प्रवक्ता कमलेश रमन,प्रदेश सचिव बलवंत पंवार समेत तमाम अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का दामन छोड़ दिया है। जोत सिंह बिष्ट का कहना है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व सो रहा है।
पिछले तीन महीने से पार्टी की कार्यकारिणी को भंग किया है। जहां से देश को राजनीतिक संदेश जाता है लेकिन पार्टी को इससे कोई लेना



देना नहीं है। ऐसे में हम सभी अब पार्टी में अपना समय खराब नहीं करेंगे और पार्टी को छोड़ रहे हैं। देहरादून के अलावा हल्द्वानी में सामूहिक रूप से कुछ नेता पार्टी से त्याग पत्र दे रहे हैं।
गौरतलब है कि पिछले साल ही कांग्रेस से आप में जोत सिंह बिष्ट शामिल हुए थे। अब फिर आप को छोड़ दिया है। ऐसे में उत्तराखंड आप में एक के बाद एक बड़े चेहरा पार्टी को छोड़ते जा रहे हैं।

## मकान का ताला तोड़कर चोरी किए थे जेवरात और नकदी, आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बंद पड़े कमरे का ताला तोड़कर चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी का सामना भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।
विष्णुलोक कालोनी रानीपुर निवासी मोहित कुमार पुत्र स्व. हरिप्रकाश ने इस संबंध में 12 जनवरी को तहरीर देकर रानीपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।
चोरों की तलाश में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीएचईएल अस्पताल को जाने वाली सड़क पर स्थित केशव आश्रम से आगे तीन तालाब वाले ग्राउण्ड से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# राम से बड़ा राम का नामः भारती

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
राम अर्थात वह कण-कण में रमण करने वाली आदि शक्ति राम। अयोध्या में जन्मे दशरथ नन्दन श्री राम उसी परम शक्ति के स्थूल स्वरूप में अवतरित हुए तथा धर्म की रक्षा और अधर्म का नाश करने के लिए विभिन्न लीलाओं को रचा। वास्तव में उस आदि शक्ति राम का यह एक गुणवाचक नाम ही है, राम का वास्तविक नाम तो कुछ और ही है, जिसके सम्बन्ध में सन्त शिरोमणि तुलसीदास जी कहते हैं- राम-राम हर कोई कहे, ठग, ठाकुर और चोर, जिस नाम से हरि मिलें, वो नाम कुछ और। यहां पर बात की जा रही है राम के उस शाश्वत नाम की जिसकी महिमा में पावन धर्म ग्रन्थ भरे हुए हैं। नाम के साथ रूप भी सामने आना आवश्यक है तभी नाम की सार्थकता है। यह शाश्वत आदि नाम संसार सागर से जीवात्मा को पार लगाने की क्षमता रखता है। इस आदि नाम को पूर्ण ब्रह्निष्ठ श्रोत्रिय सद्गुरूदेव द्वारा पावन ब्रह्ज्ञान की दीक्षा प्रदान करते हुए मानव के भीतर प्रकट किया जाता है। सद्गुरू प्रदत्त यही नाम है जो सनातन काल से सदा-सदा भक्तों का तारण करता रहा है और सदा-सर्वदा जीवात्माओं का परम कल्याण करता ही रहेगा। यह नाम लिखने, पढ़ने, जिव्हा के द्वारा बोलने से परे एक आदि स्पन्दन है जो कि मनुष्य की श्वांसों में निर्बाध गति से चल रहा है। सद्गुरू अपनी अहैतुकी कृपा के द्वारा श्वांसों में चल रहे प्रभु के इस पावन नाम को प्रकट कर दिया करते हैं। पावन ग्रन्थ इसी नाम की महिमा में कहते हैं- श्वांस-श्वांस सुमिरो गोबिन्द, मन अन्तर की उतरे चिन्त। आत्मा विभिन्न योनियों से गुजरते हुए जब त्रस्त होकर प्रभु से प्रार्थना करता है तब दयावश परमात्मा उसे मानव तन प्रदान कर मृत्युलोक में एक लक्ष्य देकर भेजते हैं, कि संसार की माया से स्वयं को बचा कर, मुझे प्राप्त करने के लिए जतन करना, उद्यम करना। संसार के नातों रिश्तों के बीच रहते हुए, निष्काम भाव से इनको निभाते हुए मात्र अपने लक्ष्य के प्रति ही समर्पित रहना, इसी में तुम्हारा कल्याण निहित है।
प्रभु के आदि नाम के सम्बन्ध में ही कहा भी गया- सद्गुरू ऐसा कीजिए, पड़े निशाने चोट, सुमिरन ऐसा कीजिए जीभ हिले न होंठ। यह पावन और प्रेरणाप्रद सद्विचारों का प्रस्फुटन आज सद्गुरू श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या तथा दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की प्रचारिका साध्वी विदुषी भक्तिप्रभा भारती जी के मुखारबिन्द से मनभावन भजनों की सारगर्भित विवेचना के साथ-साथ मंच का संचालन करते हुए प्रस्फुटित हुए। अवसर था संस्थान की देहरादून स्थित निरंजनपुर शाखा में प्रत्येक रविवार को होने वाले साप्ताहिक सत्संग-प्रवचनों एवं मधुर भजन-संकीर्तन के कार्यक्रम का। साध्वी ने अपने सुविचारों के मध्य आगे बताया कि भावना के द्वारा भक्त अपने भगवान के साथ गहरा नाता जोड़ पाता है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
भारत की सशस्त्र सेनाओं के पूर्व सैनिकों के सम्मान में 14 जनवरी को जनपद चमोली में सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला पंचायत परिसर में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हिमांशु खुराना सहित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेनि) भाष्कर बनर्जी, भूतपूर्व सैनिकों एवं नागरिकों ने अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके चित्रों पर माल्यार्पण किया। पुलिस के जवानों ने शहीदों को सलामी दी।
जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा में पूर्व सैनिकों का अमूल्य योगदान रहा है। हमें





सैनिकों के अदम्य साहस एवं शौर्य गाथाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिला पंचायत सभागार में आयोजित सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस समारोह में जिलाधिकारी ने 31 वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर पीस पब्लिक स्कूल गोपेश्वर एवं जीआईसी की छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।
जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेनि) भाष्कर बनर्जी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा की सेवाओं की मान्यता और सम्मान में वर्ष 2017 से हर साल 14 जनवरी को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है। 1953 में इसी दिन भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा, जिन्होंने 1947 के युद्ध में भारतीय सेना का नेतृत्व किया था, औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत सैन्य कर्मियों के योगदान को याद करने के लिए सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है।
इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आरके पांडेय, सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी सूबेदार (सेनि) कलम सिंह, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रावत, जिला सचिव महेन्द्र सिंह राणा, नगर अध्यक्ष दलवीर पुण्डीर, पूर्व सैनिक सुदर्शन सिंह, दलवीर कर्म्यालय दर्शन सिंह बिष्ट, गोविन्द सिंह बजवाल, मकर सिंह, कुंदन सिंह पुंडीर, गोविन्द सिंह आदि मौजूद थे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व सामूहिक सूर्य अर्घ्यदान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को अखिल विश्व गायत्री परिवार देश भर में दीपोत्सव के रूप में मनायेगा। इस निमित्त अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या व शैलदीदी ने करोड़ों लोगों को पत्र लिखकर आवाहन किया है।
उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि 14 से 22 जनवरी तक देश-विदेश के हजारों प्रज्ञा संस्थानों, चेतना केन्द्रों और देवालयों में वृहत स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाएं। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन प्रत्येक प्रज्ञा संस्थानों एवं देवालयों में राम भजन, संगीत आदि का सामूहिक रूप से आयोजन हो और सायंकाल



अपने-अपने घरों व प्रज्ञा संस्थानों में दीपोत्सव मनाएँ। श्रीराम ज्योति प्रज्वलित करें।
गायत्री परिवार प्रमुखद्वय ने कहा है कि अगणित राम भक्तों, श्रद्धालुओं और हिमालयवासी ऋषियों, मुनियों, सिद्धों, संतों, यतियों की मनोकांक्षा पूरी होने जा रही है, जो लगभग पांच सौ वर्षों से रामलला की दिव्य, भव्य व नव्य मंदिर में विराजने की प्रतीक्षा कर रहे थे। यह सम्पूर्ण जगत के उत्कर्ष का एक ऐतिहासिक एवं निर्णायक अवसर होगा।
इस अभियान का शुभारंभ रविवार को गायत्री तीर्थ शांतिकुंज से भव्य जन जागरण रैली के साथ किया गया। रैली जय श्रीराम के जयकारों के साथ आरंभ हुआ और रामधुन व राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत करने वाले नारों के साथ पांच हजार से अधिक नर नारियों ने पंक्तिबद्ध हो इसमें भाग लिया।
रैली के समापन अवसर पर सभी शांतिकुंज के अंतेवासी कार्यकत्ताओं, रामभक्तों एवं श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सूर्य अर्घ्यदान किया और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के मयार्दाओं को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

# फाइलों में ही गुम हो गई स्वीकृत सड़क

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
श्री बद्रीनाथ मास्टर प्लान की चकाचौंध के बीच देश के पहले गांव माणा से इन्द्रधारा-बामणी गांव को सड़क संपर्क से जुड़ने का इंतजार है।
वर्ष 2006-07 मे स्वीकृत माणा-बामणी तीन किमी सड़क से इन्द्रधारा, भृगुधारा व गजकोटी गांवों को भी जुड़ना था, लेकिन 16 वर्ष बीतने के बाद भी तीन किमी सड़क का निर्माण नहीं हो सका।
इन गांवों को सड़क संपर्क से जोड़ने के लिए 25 सितंबर 2006 को तीन किमी सड़क सहित 70 मीटर स्पान पुल निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी थी,लेकिन सड़क फाइलों में ही गुम होकर रह गई



माणा गांव वाइब्रेंट विलेज योजना से जरूर जुड़ा, लेकिन श्री बद्रीनाथ धाम के समीप ही सीमान्त के सड़क विहीन तीन गांव सुविधाओं से वंचित हैं। करीब तीस वर्षों से लगातार संपर्क करने के बाद वर्ष 2006-07 में तीन किमी सड़क की स्वीकृति तो मिली लेकिन 16 वर्षो के बाद भी यह मुकाम तक नहीं पहुंच सकी। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने गत 07 अप्रैल को मुख्यमंत्री से भेंट कर उपरोक्त स्वीकृत सड़क के निर्माण का आग्रह किया था। माणा ग्राम पंचायत के प्रधान पीताम्बर सिंह मोलफा के अनुसार 2006-07 मे माणा-बामणी सड़क की स्वीकृति मिली थी, काफी प्रयासों के बाद 2016 में मोटर पुल का निर्माण तो हुआ लेकिन सड़क का आज तक भी निर्माण नहीं हो सका।

